# सीएसए में हर घर तिरंगा अभियान के निकाली तिरंगा रैली

कानपुर, 14 अगस्त। चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मे देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वंदे मातरम गीत के सामूहिक गायन से हुआ। सीएसए कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। तिरंगा रैली में एनएसएस इकाई 1, 2, 3 एवं 7 के स्वयंसेवकों के साथ-साथ कृषि एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के साथ प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ रैली में भाग लिया। रैली नंदी चौराहा से प्रारम्भ होकर कम्पनी बाग तक निकाली गई। कार्यक्रम में डॉ. कौशल कुमार, डॉ. सीमा सोनकर, अधिष्ठाता, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि सिंह, डॉ. राजीव कुमार, डॉ. अरुण कुमार, कार्यक्रम अधिकारी, डॉ. संघमित्रा महापात्रा, डॉ. उमानाथ शुक्ला, डॉ. विनीता सिंह, ईसीएम प्रभारी; डॉ. एकता शर्मा, प्रोफेसर; डॉ. मुक्ता गर्ग, डॉ. संगीता गुप्ता सहित अनेक शिक्षकगण एवं शिक्षण सहयोगी उपस्थित रहे।



तिरंगा रैली में शामिल विद्याथी में शामिल।

कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष : 18 अंक : 48 कानपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य : 2.00 रुपए

राष्ट्रीय स्वरूप

# 17 अगस्त से शुरू होगा मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण

कानपुर 7 चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में मशरूम उत्पादन तकनीक पर छह दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम 17 अगस्त से 22 अगस्त 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। पादप रोग विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ मुकेश श्रीवास्तव ने बताया कि कोई भी व्यक्ति (कृषक, छात्र एवं शहरी लोग) जो मशरूम की खेती या व्यवसाय करना चाहते हैं। तो यह उनके लिए सुनहरा अवसर है।



उन्होंने बताया कि हमारा देश कृषि प्रधान है और ग्रामीण युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कृषि के साथ-साथ अन्य उद्योगों में भी प्रशिक्षण देना जरूरी है।डॉ.श्रीवास्तव ने बताया कि यहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर लोग एस्टर, बटन या मिल्की मशरूम की खेती शुरू कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में विस्तार से प्रशिक्षणार्थियों को तकनीकी सलाह उपलब्ध कराई जाएगी। साथ ही प्रशिक्षण के दौरान मशरूम उगाने के विभिन्न प्रकार के प्रयोग (प्रैक्टिकल) भी कराए जाएंगे।नोडल अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव ने आगे बताया कि प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए 1500/- रुपया पंजीकरण शुल्क के साथ अपनी आईडी (आधार की कॉपी) एवं एक स्वयं की पासपोर्ट साइज फोटो देनी होगी। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में अगर कोई किसान बाहर से आता है। तो उसे रुकने की व्यवस्था होगी। लेकिन उसके लिए प्रशिक्षणार्थी को स्वयं खर्चा वहन करना होगा।विश्वविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉक्टर खलील खान ने बताया कि सफलतापूर्वक प्रशिक्षण उपरांत सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे।उन्होंने बताया कि मशरूम पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कोई भी युवक/युवतियां अधिक जानकारी के लिए 9839818899 एवं 8218483463 फोन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। वहीं देशभर के युवा इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा ले सकते हैं, और इसके लिए उन्हें नीचे दिए गए नंबरों पर कॉल कर आवेदन करना होगा।मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण युवाओं के लिए न केवल रोजगार के अवसर खोलेगा बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनाने और कृषि व्यवसाय में दक्षता बढ़ाने का एक सुनहरा अवसर भी प्रदान करेगा।

संस्करण ▸ नई दिल्ली ▸ पानीपत (हरियाणा) ▸ चण्डीगढ़ ▸ लखनऊ (उत्तर प्रदेश) ▸ भोपाल (मध्य प्रदेश) ▸ हल्द्वानी नैनीताल ▸ देहरादून (उत्तराखण्ड) से एक साथ प्रकाशित...

वर्ष : 14
अंक : 06
पृष्ठ : 12
लखनऊ (उत्तर प्रदेश)
शनिवार
15 अगस्त 2026
मूल्य : 3 रूपये

पब्लिक की सुनें, पब्लिक की कहें...

# पब्लिक एशिया

@publicasia1989 | @publicasiaofficial | @publicasia | @publicasialive | RNI No. :- UPHIN/2013/52076

# हर घर तिरंगा अभियानः सीएसए कृषि विश्वविद्यालय से निकली राष्ट्रभक्ति की विशाल रैली

(पब्लिक एशिया ब्यूरो)

**कानपुर।** स्वतन्त्रता दिवस से पहले 'हर घर तिरंगा' अभियान को लेकर चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का पूरा परिसर देशभक्ति के रंग में रंग गया। राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के सम्मान को समर्पित बृहद तिरंगा रैली में सैकड़ों छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने हाथों में तिरंगा लेकर कदम से कदम मिलाया। कार्यक्रम की शुरुआत 'वंदे मातरम्' के सामूहिक गायन से हुई। देशभक्ति गीत की गूंज से पूरा माहौल राष्ट्रप्रेम से भर उठा। इसके बाद विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। यह रैली नंदी चौराहा से शुरू होकर कंपनी बाग तक निकाली गई। इस दौरान एनएसएस इकाई 1, 2, 3 एवं 7 के स्वयंसेवकों के साथ कृषि और सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं, शिक्षक, कर्मचारी और श्रमिक भी 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम्' के नारों के साथ चल रहे थे।इस मौके पर डॉ. कौशल कुमार, डॉ. सीमा सोनकर, डॉ. वी.के. त्रिपाठी, डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, डॉ. रश्मि सिंह सहित सभी विभागों के अधिष्ठाता और बड़ी संख्या में शिक्षकगण मौजूद रहे। रैली के जरिए प्रतिभागियों ने राष्ट्रीय एकता, अखंडता और विकसित भारत के निर्माण का संदेश दिया। सभी ने संविधान के आदर्शों का पालन करने और देश की प्रगति में योगदान देने की शपथ ली। इस कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान और देश की एकता-अखंडता की रक्षा की प्रतिज्ञा के साथ हुआ।



कानपुर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित वर्ष: 18 अंक : 48 कानपुर, शनिवार 15 अगस्त 2026 नगर संस्करण पृष्ठ 12 मूल्य: 2.00 रुपए

# राष्ट्रीय स्वरूप



## हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत कृषि विश्वविद्यालय में निकली बृहद तिरंगा रैली

कानपुर 7 सीएसए मे देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वंदे मातरम् गीत के सामूहिक गायन से हुआ, जिससे पूरे परिसर में देशभक्ति एवं उत्साह का वातावरण व्याप्त हो गया। तदुपरांत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ संजीव गुप्ता द्वारा तिरंगा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, शिक्षकगण, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में डॉ. कौशल कुमार, अधिष्ठाता, कृषि एवं वानिकी महाविद्यालय; डॉ. सीमा सोनकर, अधिष्ठाता, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय; डॉ. वी.के. त्रिपाठी, अधिष्ठाता, उद्यानिकी महाविद्यालय; डॉ. मुकेश श्रीवास्तव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण; डॉ. रश्मि सिंह, एनएसएस कार्यक्रम समन्वयक; डॉ. राजीव कुमार, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस इकाई–1; डॉ. अरुण कुमार, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस इकाई–2; डॉ. संघमित्रा महापात्रा, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस इकाई–3; डॉ. उमानाथ शुक्ला, कार्यक्रम अधिकारी, एनएसएस इकाई–7; डॉ. विनीता सिंह, ईसीएम प्रभारी; डॉ. एकता शर्मा, प्रोफेसर; डॉ. मुक्ता गर्ग, विभागाध्यक्ष प्रभारी, मानव विकास एवं परिवार अध्ययन विभाग; तथा डॉ. संगीता गुप्ता सहित अनेक शिक्षकगण एवं शिक्षण सहयोगी उपस्थित रहे। तिरंगा रैली में एनएसएस इकाई 1, 2, 3 एवं 7 के स्वयंसेवकों के साथ-साथ कृषि एवं सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। हाथों में तिरंगा लेकर एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत नारों के साथ प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ रैली में भाग लिया। रैली नंदी चौराहा से प्रारम्भ होकर कम्पनी बाग तक निकाली गई। रैली के माध्यम से राष्ट्रीय एकता, अखंडता, देशभक्ति तथा विकसित भारत के निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया गया। प्रतिभागियों ने संविधान के आदर्शों का पालन करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का समापन राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान, देश की एकता एवं अखंडता की रक्षा तथा राष्ट्र की प्रगति एवं समृद्धि के लिए निरंतर कार्य करने की सामूहिक प्रतिज्ञा के साथ हुआ।

# सत्य का असर समाचार पत्र

15 अगस्त 2026 संपर्क सूत्र 9956 8340 16

# कानपुर CSA कृषि विश्वविद्यालय में भव्य तिरंगा रैली: कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने दिखाई हरी झंडी, "हर घर तिरंगा" का दिया संदेश।

## पत्रकार जितेंद्र कुमार सिंह पटेल



## चंद्रशेखर आजाद कृषि विश्वविद्यालय कानपुर

### पत्रकार जितेंद्र कुमार सिंह पटेल
### सत्य का असर समाचार पत्र

कानपुर नगर 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस से पहले *चंद्रशेखर अज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय* में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। 'हर घर तिरंगा' अभियान के अंन्तर्गत विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा शुक्रवार को सुबह *तिरंगा रैली* का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम् से रैली का शुभारम्भ सामूहिक *वंदे मातरम्* गायन से हुआ इसके बाद विश्वविद्यालय के *कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता* ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। तिरंगा हाथों में लेकर- छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारियों ने *"भारत माता की जय" * के नारों के साथ पूरे जविभाग किया। *कोन-कोनर मौजूद: रेलीा में क्क़ि! वृनषि एवं वानिकी महाविद्यालय के अधिष्ठाता *डॉ. सौबल कुमार*, उडागुदायिक विज्ञान के अधिष्ठाता *डॉ. वी.के. त्रिपाठी*, अधिष्ठाता छात्र कल्याण *डॉ. सिहक,कार्बेर्यो और क्ति वीहुचे श्रीवास्तवा में छात्र-छपशिएं रहे।

स्वतंत्रता दिवस की 79वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित इस रैली का उद्देश्य देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुँचाना और *हर घर तिरंगा* अभियान को सफल बनाना था। कार्यक्रम में उपस्थित कुलपति डॉ. संजीव गुप्ता ने कहा कि तिरंगा केवल एक ध्वज नहीं, बल्कि हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। उन्होंने सभी को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान को याद करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का संकल्प दिलाया। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत और नारे लगाकर वातावरण को देश शभक्ति से गुंजायमान कर दिया। यह रैली विश्वविद्यालय परिसर से प्रारम्भ होकर विभिन्न मार्गों से होती हुई पुनः विश्वविद्यालय परिसर में पहुँची, जहाँ राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पूरे परिसर में तिरंगे की रंग-बिरंगी छटा और देशभक्ति का उत्साह देखने को मिला।

**सत्य का असर अन्नपूर्णा सेवा समिति कानपुर**

गरीबों के लिए सामूहिक भोजन एवं राशन सेवा



इस बार कोड पर स्वेच्छा से दान कर गरीबों का पेट भरें

संयोजक: पत्रकार जितेंद्र कुमार सिंह पटेल
संपर्क: 9956834016

हर हर महादेव

पता: 745, उत्तम विहार, गुजैनी, कानपुर नगर, उत्तर प्रदेश – 208019